समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# गिल, बुमराह या कोई और ? दिग्गज खिलाड़ियों ने बताया रोहित के बाद किसे देनी चाहिए कप्तानी।

Publisher | Published on 08 May 2025



## रोहित शर्मा की रिटायरमेटं के बाद भारतीय टेस्ट टीम के अगले कप्तान बनने की दौड़ मे शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह का नाम सबसे आगे है.

रोहित शर्मा ने अचानक टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेकर सभी को चौंका दिया है. वह ना सिर्फ इस फॉर्मेट में खेल रहे थे बल्कि कप्तान भी थे, उम्मीद थी कि वह IPL 2025 के बाद इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट सीरीज खेलने जाएंगे. लेकिन उनके रिटायरमेंट से अब सबसे बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा ? इसको लेकर पूर्व दिग्गजों ने अपनी राय दी.

भारत के लिए 67 टेस्ट मैच खेल चुके रोहित शर्मा ने आखिरी टेस्ट दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला था. बॉर्डर गावस्कर सीरीज में उन्होंने एक मैच नहीं खेला था, जिसके बाद उनके रिटायरमेंट की ख़बरें सामने आई थी लेकिन तब उन्होंने इसका खंडन किया था. अब उन्होंने इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है और साफ़ किया है कि वनडे में वह खेलना जारी रखेंगे. इससे पहले वह टी20 से सन्यास ले चुके हैं.

भारतीय टेस्ट टीम के अगले कप्तान बनने की दौड़ में शामिल प्लेयर्स
सबसे बड़ा सवाल यही है, जिसको लेकर बीसीसीआई को जल्द ही घोषणा करनी पड़ेगी क्योंकि टीम को IPL के बाद इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज खेलनी है. भारत के अगले टेस्ट कप्तान की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल का नाम सबसे आगे सामने आ रहा है. हालांकि केएल राहुल भी रेस में हैं, जो टेस्ट फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं. बुमराह भी इस फॉर्मेट में टीम की कमान संभाल चुके हैं. विराट का नाम भी कुछ रिपोर्ट्स में लिया जा रहा है, लेकिन ऐसा मुश्किल लग रहा है कि

वह एक बार फिर कमान संभालेंगे.

दिग्गजों ने बताया किसे होना चाहिए भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान

IPL 2025 में KKR vs CSK मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए हरभजन सिंह ने अपने पसंदीदा खिलाड़ी के रूप में जसप्रीत बुमराह को चुना, जिन्हे टीम का अगला टेस्ट कप्तान बनना चाहिए.

हरभजन ने कहा, "रोहित शर्मा बड़े दिग्गज खिलाड़ी और कप्तान रहे. अगर वो नहीं तो किस पर नजर जाती है. मेरे लिहाज से तो बुमराह, अगर आप आगे की सोच रहे हैं तो वो उपकप्तान भी हैं. जरूर आप शुभमन गिल की तरफ भी सोच रहे होंगे लेकिन उन्हें समय दे सकते है. कम से कम एक साल के लिए, इस दौरान आप गिल को तैयार कीजिए."

आकाश चोपड़ा ने कहा, "सिडनी टेस्ट में इंजरी हुई और जसप्रीत बुमराह चले गए, बुमराह की इंजरी की समस्या थी, वो 2-3 महीने बाहर रहे. पता नहीं सेलेक्टर्स किस तरह सोच रहे होंगे. क्या वह पांच टेस्ट मैच खेलेंगे भी, या उनके वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए आप 3-4 खिलाएंगे फिर बीच में उनको ब्रेक देंगे. नहीं तो वह पूरी तरह आइडल हैं, उनसे बेहतर कोई नहीं है."

संजय बांगर ने कहा, "जसप्रीत बुमराह को तो कप्तान बनाना ही चाहिए क्योंकि वह कप्तानी के लिए रेस में थे. केएल राहुल उपकप्तान के लिए अच्छे विकल्प हैं."

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.